RAF SECTOR
NEWS CLIP
12/02/2023

TO SERVE HUMANITY WITH SENSITIVE POLICING

Gaurav Mahima, Jaipur, (RAJ)

आरएएफ ने देश के अमर बलिदानियों की याद में ऐतिहासिक सड़क मार्ग यात्रा का किया सम्मान

गौरव महिमा

जयपुर। राजधानी जयपुर के आमेर में लालवास गांव में स्थित सीआरपीएफ की रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन ने देश के अमर बलिदानियों की याद में ऐतिहासिक सड़क मार्ग यात्रा का सम्मान किया। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन के कमांडेंट प्रवीण कुमार सिंह के नेतृत्व में बटालियन मुख्यालय में देश के अमर बलिदानियों की याद में भारत का पहला ऐतिहासिक सड़क मार्ग को पूरा करने वाले उमेश गोपीनाथ जादव के वाहिनी मुख्यालय में आगमन पर एक स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कमाण्डेन्ट ने बताया कि उमेश गोपीनाथ जाधव की ओर से की जा रही बलिदान, देशभक्ति और निस्वार्थ सेवाभावना के कार्य बहुत सराहनीय है। ये भारत की मिट्टी का सम्मान करते हुए ह्यह्यजन्मभूमि-कर्मभूमिह्यह्य की अवधारणा के साथ आदर्श वाक्य ह्यह्यभारतीय प्रथमह्यह्य के साथ एक मिशन पर है। 09 अप्रेल 2019 को सीआरपीएफ के शौर्य दिवस के अवसर पर समूह केन्द्र बैंगलूरू से सीआरपीएफ के शहीद नायको के परिवारों से मिलने के लिए अपना मिशन शुरू किया। जिसके क्रम में 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में हुए आतंकी हमले में शहीद हीद हुए सीआरपीएफ के 40 जवानो के परिवारों से मिलने और प्रत्येक शहीद वीरों से पवित्र मिट्टी एकत्र कर श्रद्घांजलि देते अर्पित करते हुए एक शहीद स्मारक बनाया जा सके। उमेश गोपीनाथ जाधव अब तक कुल 150 शहीद परिवारों से मुलाकात कर चुके है। रैपिड एक्शन फोर्स 83 बटालियन में दौरा किया और बल के जवानों का मनोबल बढ़ाया। शहीद नायकों और उनके परिवारों के लिए आपके उद्देश्य और अथक प्रयासों की सराहना की।

Patrika News, Jaipur, (RAJ)

आरएएफ जवानों ने दंगों और भीड़ नियंत्रण के गुर बताए

जोधपुर @ पत्रिका. रेपिड एक्शन फोर्स आरएएफ ने सामुदायिक विवाद, उपद्रव, दंगे और भीड़ को नियंत्रण करने के लिए अपनाई जाने वाली तकनीक का शुक्रवार को पुलिस लाइन मैदान में डेमो किया। पुलिस जवानों को उपद्रव व भीड़ पर काबू पाने के गुर सिखाए गए।

आरएएफ की ए/83 बटालियन के कम्पनी कमाण्डर विनोद मीणा ने बताया कि 7 से 14 फरवरी तक जोधपुर जिले के सभी थानों में आरएएफ की ओर से अभ्यास व भौगोलिक परिस्थितियों के बारे में जानकारी ली जाएगी। इसी कड़ी में पुलिस लाइन के मैदान में डेमो प्रदर्शन किया गया।

आधुनिक हथियार व संसाधनों से लैस आरएएफ के अधिकारी व जवानों ने पुलिस जवानों को उपद्रव व दंगे होने की स्थिति में हालात पर काबू पाने के लिए अपनाए जाने वाली तकनीक व उपायों के बारे में जानकारी दी। वहीं, भीड़ व

बलवाइयों की तरफ से होने वाले पथराव से बचने की तकनीक के बारे में भी अवगत कराया गया। डेमो के तहत पुलिस जवानों ने पत्थर फेंके। आरएएफ के जवानों ने इनसे बचाव के तरीके बताए। वहीं, भीड़ को नियंत्रित कर हताहतों को बाहर निकालने और हालात पर काबू पाने के बारे में भी अवगत कराया गया। पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय व यातायात) विनीत कुमार बंसल भी मौजूद रहे। उन्होंने आरएएफ व पुलिस जवानों को संबोधित कर आरएएफ के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।

Patrika News, Jaipur, (RAJ)

रेपिड एक्शन फोर्स का संवेदनशील क्षेत्रों में रूट मार्च

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

जोधपुर. केन्द्रीय गृह मंत्रालय के आदेश के तहत रेपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) की ए/83 बटालियन के अधिकारी व जवानों ने गुरुवार को नागौरी गेट और उदयमंदिर थाना क्षेत्र में रूट मार्च कर आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के संबंध में जानकारी जुटाई।

नागौरी गेट थानाधिकारी शेषकरण बाहरट ने बताया कि आरएएफ बटालियन की एक प्लाटून के सहायक कमाण्डेंट

अधिकारी व जवानों की दो टुकड़ियों ने थाने के पुलिसकर्मियों के साथ सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक किला रोड, कलाल कॉलोनी, पुराना थाना, कांच का सफाखाना, नया तालाब, जालोरियों का बास, महावीर प्याऊ, फतेहसागर, मियों की मस्जिद, मेड़ती गेट, उदयमंदिर आसन, मिठड़ी ठाकुर की हवेली आदि क्षेत्र में रूट मार्च किया। वहीं, उदयमंदिर थानाधिकारी लेखराज सिहाग के नेतृत्व में आरएएफ के जवानों ने थाने के सम्पूर्ण क्षेत्र में रूट मार्च कर महत्वपूर्ण जानकारी

संवेदनशील क्षेत्र, बलवाइयों की सूची बनाई

आरएएफ के जवान 7 से 14 फरवरी तक जोधपुर जिले के प्रत्येक थाना क्षेत्र का जायजा लेंगे। जनसंख्या, साक्षर, निरक्षर और सामुदायिक दृष्टि से संवेदनशील स्थान, विशिष्ट व्यक्तियों की सुरक्षा और बलवाइयों की सूची तैयार की जाएगी। ताकि भविष्य में प्राकृतिक आपदा या साम्प्रदायिक तनाव व दंगों की स्थिति में प्रभावी व बेहतर तरीके से नियंत्रण किया जा सके। क्षेत्रों का मानचित्र भी तैयार किया जाएगा।

Dainik Bhaskar, Banswara, (RAJ)

आरएएफ की बटालियन ने कानून व्यवस्था के बारे में जाना

घाटोल| आरएएफ ने प्लाटून कमांडेंट गोविंद प्रसाद उनियाल के नेतृत्व में गुरुवार को जिले के महिला थाना, घाटोल खमेरा व भूंगड़ा थाने में अभ्यास के लिए पहुंचे। साथ ही एसपी, थानाधिकारी व गणमान्य नागरिकों से मिलकर क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति जानी। साथ ही पिछले वर्षों में कानून व व्यवस्था की महत्वपूर्ण जानकारी एकत्रित की। इस दौरान कमांडेंट गोविंद प्रसाद उनियाल ने बताया कि आरएएफ के प्लाटून के अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच जाकर पुलिस फोर्स की छवि को मजबूत बनाना, असामाजिक तत्वों के लिए एक कड़ी चुनौती पेश करते हुए कानून व्यवस्था बनाए रखने में स्थानीय पुलिस को सहायक बनाना है। इस दौरान खमेरा थानाधिकारी हिम्मतराम बुनकर, घाटोल थान एएसआई अब्दुल हकीम सहित समस्त गणमान्य लोगों ने फोर्स की कार्यविधि के बारे में जानकारी लेते हुए क्षेत्र की गतिविधियों को साझा किया।

सी0आर0पी0एफ0 सदा अजेय, भारत माता की जय।